वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 58 सोमवार 26 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# जयपुर में इंटरनेशनल फ्लाइट छोड़कर चले गए पायलट

## बोले- ड्यूटी टाइम पूरा हो गया; पैसेंजर्स को 6 घंटे बाद बाय रोड दिल्ली भेजा गया

**जयपुर. कासं**

लंदन से दिल्ली जा रही एअर इंडिया की इंटरनेशनल फ्लाइट को पायलट जयपुर में छोड़कर चले गए। पायलट का कहना था कि उनका ड्यूटी टाइम पूरा हो गया है। फ्लाइट में सवार पैसेंजर 6 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होते रहे। बाद में बाय रोड उन्हें दिल्ली भेजा गया। दिल्ली में खराब मौसम की वजह से रविवार को 3 इंटरनेशनल और 2 डोमेस्टिक फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की गईं थी। इनमें एअर इंडिया की दो, स्पाइसजेट की दो और गल्फ स्ट्रीम की एक फ्लाइट थी।

### ये फ्लाइट्स हुई थीं डायवर्ट

एअर इंडिया की फ्लाइट AI-112 लंदन से सुबह 6:00 बजे दिल्ली पहुंचने वाली थी। खराब मौसम की वजह से फ्लाइट को जयपुर उतारा गया था। डायवर्ट होने वाली एअर इंडिया की दूसरी फ्लाइट दुबई से दिल्ली जा रही थी। गल्फ स्ट्रीम की फ्लाइट बहरीन से दिल्ली जा रही थी। जबकि स्पाइस जेट की एक फ्लाइट



पुणे से जबकि दूसरी गुवाहाटी से दिल्ली जा रही थी।

### एविएशन मिनिस्टर को ट्वीट किया, फिर भी छह घंटे परेशान हुए

फ्लाइट में सवार ब्रिटिश-इंडियन अदित ने कहा कि यात्री परेशान हो रहे थे, लेकिन एअर इंडिया ने उन्हें दिल्ली भेजने की व्यवस्था नहीं की। एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को ट्वीट करके शिकायत की। इसके बाद एअर इंडिया ने रिप्लाई करके जल्द ही समाधान का वादा किया। फिर भी 6 घंटे से ज्यादा समय तक लोगों को परेशान होना पड़ा। बाद में एअर इंडिया ने कुछ यात्रियों को वोल्वो बस से, तो कुछ को कैब से दिल्ली भेजा गया।

### 150 से ज्यादा पैसेंजर्स परेशान रहे

फ्लाइट डायवर्ट होने से इनमें सवार 150 से ज्यादा पैसेंजर्स को करीब 6 घंटे तक जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान होना पड़ा। नाराज पैसेंजर्स ने एयरपोर्ट पर हंगामा शुरू कर दिया। एयरपोर्ट अथॉरिटी की ओर से पैसेंजर्स की नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

### दिल्ली का सब्स्टीट्यूट एयरपोर्ट बना जयपुर

जयपुर एयरपोर्ट पर मई में पार्किंग-वे का विस्तार किया गया था। पहले जहां जयपुर एयरपोर्ट पर 19 विमान पार्क हो सकते थे। वहीं, अब 33 प्लेन पार्क हो सकते हैं। इसी के साथ पैरेलल टैक्सी-वे भी तैयार हो चुका है। इसलिए मौसम खराब होने पर अब ज्यादातर फ्लाइट जयपुर डायवर्ट की जा रही हैं।

# कल्चर कैंप में बच्चों ने सीखा भगवद गीता श्लोक वाचन

## भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य और चमत्कारों को नाटक के जरिए किया प्रस्तुत

**जयपुर. कासं**

जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर में चल रहे 21 दिवसीय कल्चर कैंप का टैलेंट-डे आयोजित किया गया । कार्यक्रम में बच्चों ने भगवद गीता के श्लोक वाचन, भजन-कीर्तन, पालकी उत्सव, और नृसिंह आरती को प्रस्तुत किया। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के पैरेंटस ने तालियों के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी स्टूडेंट्स को चीफ गेस्ट ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुकुट बिहारी और मुक्ता गोयल, निर्देशक, स्मिलैक्स फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मंजू राजपाल, आईएएस बैच आरआर-2000 सचिव, ग्रामीण विकास और एसएमडी, राजीविका राजस्थान सरकार एवं अनंतशेष दास ( उपाध्यक्ष हरे कृष्ण मूवमेंट ) उपस्थित रहे । कल्चरल कैंप 21 दिवसीय कार्यकाम है जिसमें बच्चे भगवद गीता पर आधारित नैतिक शिक्षाएं, सदाचार, मन की एकाग्रता इत्यादि सीखते है।

टैलेंट-डे कल्चर कैंप का अंतिम दिन होता है , जिसमे कल्चर कैंप के सभी बच्चे मंच पर अपनी प्रस्तुति देते है। इस बार कल्चरल कैंप के बच्चों द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के रथ यात्रा



के शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ जी का प्राकट्य उनके चमत्कारों पर आधारित विशेष नाटिका प्रस्तुत की गयी।

### कल्चर कैंप टैलेंट-डे कार्यक्रम

टैलेंट-डे कार्यक्रम में व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण, भगवद गीता पर आधारित नैतिक शिक्षाओं, दिमाग की एकाग्रता बढ़ाना, ईंधन के बिना खाना बनाना, कीर्तन, पेंटिंग, वैदिक कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, थिएटर चित्रकला, श्लोक उच्चारण, वाद्ययंत्र, वैष्णव सदाचार इत्यादि को सभी बच्चों ने फन एंड गेम्स के साथ प्रस्तुत किया। श्री कृष्ण बलराम मंदिर, जयपुर के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि मंदिर के सांस्कृतिक शिक्षण विभाग द्वारा आयोजित गीता कांटेस्ट एवं कल्चर कैंप जैसे कार्यक्रम बच्चों के लिए अपनी आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक प्रतिभा को उभारने के लिए विशेष उत्तम मंच है ।




# संस्कार ही जीवन में सफलता का कारण: आचार्य विनम्र सागर

## आचार्यश्री सहित 16 पिच्छिधारी साधुओं का हुआ नगर प्रवेश, जैन समाज द्वारा उत्साहपूर्वक हुई अगुवाई

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य, उच्चारणाचार्य विनम्र सागर जी महाराज ने संघस्थ 16 पिच्छीधारी साधुओं के साथ आज प्रातःकाल नगर में प्रभावना पूर्वक प्रवेश हुआ जिनकी अगुवाई जैन समाज ने उत्साह पूर्वक की। ग्राम पनारी से आज प्रातःकाल सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुजन आचार्य श्री विनम्रसागर महाराज ससंघ के विहार के लिए पहुंचे जहां आचार्यश्री के दर्शन के उपरान्त उनके विहार में सम्मिलित हुए। कैलगुवा तिराहे पर गाजे -बाजे के साथ आचार्यश्री की अगुवाई हुई जिसमें दिव्य घोषों की थाप पर थिरकते हुए श्राविक श्राविकाएं ध्वजा लेकर चल रहे थे उनके साथ वीर व्यायामशाला, वीरसेवा संघ के स्वयंसेवक, दिगम्बरजैन महिला मण्डल, विद्या गुरु मण्डल वाहूवलिनगर, सुधा कलश महिला मण्डल, जैन मिलन, नंदा सुनंदा मण्डल, जिनवाणी संरक्षण मण्डल, चंद्रप्रभु डोढाघाट, जैन मिलन अरिहंत शाखा, जैन मिलन सिविल लाइन, विद्या आदर्श श्राविका मण्डल, विद्या पूजा मण्डल, ब्राहमी सुन्दरी महिला मण्डल, सुधा सिन्धू संभाग, महिला महासमिति, दिगम्बर जैन परिषद, गुरू कृपा मण्डल अनुशासित ढंग से मंगल गान करते हुए चल रहे थे। भव्य शोभायात्रा में आचार्य श्री विनम्र सागर महाराज के संघस्थ मुनि विज्ञ सागर महाराज, विनंद सागर महाराज, मुनि श्री विनुत सागर महाराज, मुनि श्री शुभ सागर महाराज मुनि श्री विश्ववीर सागर महाराज. मुनि श्री विश्वधीर सागर महाराज, आर्यिका विमल श्री माता जी. आर्यिका विनेह श्री माता वितप श्री माता जी, विसम श्री माता जी, विपुल श्री माता जी, विमुद श्री माता जी, विभव्य श्री माता जी विशर्व श्री माता जी प्रभा श्री माता जी अपना आशीर्वाद प्रदान कर रही थी। मुनि श्री



प्रवर सागर जी महाराज का मंगल मिलन हुआ। शोभायात्रा कैलगुवा तिराहे से एम्ब्रोशिया कालौनी पहुची जहां आचार्य श्री संघ ने दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन किए एवं उपस्थिति श्रावकों को आशीर्वाद प्रदान किया। शोभायात्रा एम्ब्रेशिया कालौनी से नदीपार होते हुए आजाद चौक से सावरकर चौक होते हुए जैन अटामंदिर पहुंची जहां जैन पंचायत अध्यक्ष अनिल जैन अंचल, महामंत्री डा० अक्षय टडैया, अखिलेश गदयाना मंदिर प्रबंधक भगवानदास कैलगुवा, कपूरचंद लागौन, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, मनोजजैन बबीना, अक्षय अलया जिनेन्द्र डिस्को सहित श्रावकों ने पादप्रक्षालन कर अगुवाई की। आचार्य श्री विनम्रसागर महाराज ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए जीवन में संस्कारों की महिमा बताई और कहा धर्म से ही संस्कार मिलते हैं, उन्होने ललितपुर नगरी की धर्मपरायणता को आदर्श बताया और कहा साधू संगत में जितना अधिक रहोगे संस्कार मिलेंगे। इसके पूर्व आर्यिका विनेह श्री माता जी ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए कहा जीवन में गुरू हमारे भगवान हैं, हम जो कुछ हैं गुरु की देन है। इसके पूर्व ब्रहमचारी मनोज भैया के संयोजन में आचार्यश्री के पादप्रलाक्षन का पुण्यार्जन रामप्रकाश, संजीव, राहुल जैन ममता स्पोर्ट परिवार एवं शास्त्र समर्पित करने का पुण्यार्जन प्रेमचंद, अमिताभ जैन, जनिथ बंट परिवार को मिला। मंगलाचरण भव्या एवं आन्वी जैन ने गुरु भक्ति पूर्वक किया, इसके अतिरिक्त जलूस को अनुशासित करने में मनोज जैन बबीना, संजय रसिया, अनंत सराफ, वैभव जैन टिन्ना, स्वदेश गोयल ,चंदन सिंघई, वीणा जैन, अनीता मोदी का योगदान रहा। जैन पंचायत अध्यक्ष अनिल जैन अंचल सहित पदाधिकारियों ने ललितपुरवासियों की ओर से आचार्य श्री से चातुर्मास के लिए आग्रह किया और श्रीफल अर्पित किया। जबकि इस मौके पर संजीव जैन सीए ,सन्मति सराफ, डा० सुनील संचय, पं० संतोष अमृत ,सनत खजुरिया, अजय जैन साइकिल, पवन जैन शिवाजी, प्रभात लागौन, अभिषेक अनौरा, धन्यकमार जैन, कैप्टन राजकुमार जैन, मनोज जैन कामरेड, संजीव सौरया, अनंत सराफ, संतोष गोयल, संजय मोदी, नरेश मुक्ता, पुल्ली सराफ, डा० अजय जैन, प्रदीप चिगलौआ, चंचल पहलवान आदि मौजूद रहे।

### आचार्यश्री ने ससंघ किए अभिनंदोदय तीर्थ के दर्शन

आचार्य विनम्र सागर महाराज ने सायंकाल अभिनंदोदय तीर्थ पहुँचकर नवनिर्मित जिनालय सहस्त्रकूट ,पंचमेरु आदि के दर्शन कर इसे जैन धरोहर और विश्व की अनुपमकृति बताया।आचार्य श्री ने अभिनंदोदय तीर्थ की परिकल्पना और निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज की प्रेरणा आशीर्वाद ओ अद्वितीय बताया,जो समाज के सहयोग से पूर्ण हुई।आचार्य श्री ने कहा आज वर्तमान में तीर्थों का संरक्षण जरूरी है जिनकी बदौलत हमारी संस्कृति सुरक्षित रहेगी। आचार्य श्री ने आज सायंकाल आचार्य भक्ति एवं आनंदयात्रा में श्रावकों को आशीर्वाद प्रदान किया। उक्त जानकारी ललितपुर से अक्षय अलया व डॉ सुनील संचय ने दी है।

# सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ गुन्सी मे गुरु मां विज्ञा श्री माताजी का भव्य मंगल प्रवेश

**णमोकार महिला जयधोष की महिलाओं ने बेन्डबाजो के साथ गुरु मां की भव्य अगुवानी की। राज्य भर से आये श्रद्धालुओं ने गुरु मां को चढ़ाया श्रीफल**





**गुन्सी, टोंक. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के द्वारा भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ का णमोकार महिला जयधोष की धुनों पर गांव गुन्सी स्थित सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ पर मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आर्यिका माताजी संघ रविवार को सुबह निवाई से पद विहार कर नसियां जैन मंदिर राधादामोदर सर्किल जमात रोड चेनपुरा फाटक जयपुर रोड मुंडिया गांव होते हुए गाजेबाजे से सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ पर मंगल प्रवेश किया। जहाँ मुख्य द्वार पर सुनील भाणजा महावीर प्रसाद छाबड़ा नरेश बडागांव अरविन्द जैन जितेन्द्र जैन हितेश छाबड़ा मनोज जैन मुकेश बनेठा विमल सोगानी दिनेश सोगानी लालचंद कठमाणा धर्मचंद नेहरु कोमल जैन कविता भाणजा उर्मिला सोगानी एवं णमोकार जयधोष की महिलाओं ने मिलकर बेन्डबाजो सहित अनेक समाज बंधुओं ने आर्यिका माताजी की पादप्रक्षालन आरती करके भव्य अगुवानी की। कार्यक्रम की शोभा बडाऩे के लिए निवाई चाकसू एवं जयपुर की समाज के श्रद्धालुओं ने बड़चड़कर भाग लिया। इस दौरान समाज बंधुओं के साथ पहली बार सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ पर 2023 का वर्षायोग के लिए जैन आर्यिकाओ ने चरण प्रस्थान किए। जौंला ने बताया कि सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ पहुंचने पर सभी आर्यिकाओ ने तीर्थ स्थल का मुआयना किया। इस दौरान सहस्त्रकूट विज्ञा तीर्थ के सदस्यों ने गुरुमां के चरणों में चातुर्मास हेतु अर्ध्य समर्पण किया गया। इस अवसर पर गणिनी आर्यिका विज्ञा श्री माताजी ने श्रद्धालुओं को कहा कि संसार एवं मोक्ष का सम्पूर्ण व्यवहार विश्वास की आधारशिला पर अवस्थित है। उन्होंने कहा कि सम्यक दर्शन सम्यक ज्ञान सम्यक चारित्र एवं सच्ची श्रद्धा सच्चा ज्ञान और यथार्थ आचरण के बल पर यह जीव संसार सागर पार कर सकता है। सच्ची आस्था के बल पर इन्सान भगवान बन जाता है।परमात्मा के प्रति आस्था के दीप जलाने वाला स्वयं परमात्मा बन जाता है।

# गौसेवा करना बहुत पुण्य का कार्य है: मुनि श्री

## मुनि संघ का हुआ नगर आगमन, गुना की ओर किया पद विहार

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य मुनि श्री आगम सागर जी महाराज मुनिश्री पुनीत सागर जी महाराज ससंघ खनियांधाना चन्देरी पिपरई से पद विहार करते हुए आज प्रातः काल की वेला में नगर पधारें जहां नगर के वाहर थूवोनजी रोड पर जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद थूवोनजी कमेटी महामंत्री विपिन सिंघाई ने मुनि श्री को श्री फल भेंट कर आगवानी की। मुनि संघ के आगे आगे सेवा दल के दिव्य घोष वैन्ड वाजो से श्री पार्श्वनाथ मंदिर पधारे। जगत कल्याण के लिए महा शान्ति धारा मुनि श्री के मुखारविंद से हुई। मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि मुनि श्री के श्री मुख से जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा भक्तों ने की तद उपरान्त श्री विद्यासागर सर्वोदय पाठशाला के वच्चो दारा आचार्य श्री की पूजन की गई तद उपरान्त समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर मन्दिर संयोजक मनोज रन्नौद गंज उमेश सिघई गांव मनीष सिघई आदि मनीष वरखेडा नितिन बज अरविंद कचंनार मुकेश हार्डी नवीन सर दिनेश मैदपुर निर्मल मिर्ची शैलू विधायक संजय मुडरा टिकंल जैन देवेन्द्र भारिल्ल मनोज धुर्रा रिक्कू ओडेर सुनील हलवाई नीरज पंसरी विमल जैन सोनू जैन धर्मेन्द्र सांवलिया सौरव गोयल सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट किए।



### माता ने बहुत कष्ट उठाकर आपको जना है

इस अवसर पर धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि श्री आगम सागर जी महाराज ने कहा कि आप को ज्ञात नहीं है आपकी माता ने तुम्हारे लिए कितने कष्ट उठाये है रात रात भर जाग कर तुम्हें संभाल है और हम उसी मां को भुला रहें हैं माता गर्भ से ही कष्ट सहन कर वेटे को पाती है वहीं प्रभु तीर्थकर बालक के जन्म पर माता को रंत मात्र भी कष्ट नहीं होता ऐसा अपूर्व पुण्य होता है तीर्थ कर प्रभु जो जगत कल्याण के लिए ऐसी भावना लेकर आते हैं उनके जन्मते ही एक क्षण के लिए जगत में शान्ति हो जाती है उनका ऐसा पुण्य होता है।

### जीवों के प्रति दया करुणा का भाव रखें

मुनि श्री पुनीत सागर जी महाराज ने कहा कि गायों के साथ ही मुक प्राणियों की सेवा में भी बहुत पुण्य वंध होता है दुनिया में दया से बड़ा कोई धर्म नहीं है हम सभी के मन में जीवों के प्रति करुणा दया का भाव होना चाहिए आप अपने बच्चों को दया-धर्म के संस्कार दे वच्चो का जन्म दिन गायो के वीच गौशाला में मनाया अपने वच्चो को वेटनरी डाक्टर वनाये इससे कैरियर के साथ गौसेवा के साथ ही आप की संतान मुक प्राणियों की सेवा कर सकेंगे समारोह का संचालन जैन युवा वर्ग के संरक्षण शैलेन्द्र श्रागर ने की। इसके बाद आहार चार्या हुई।

## वेद ज्ञान

### परिश्रम के बगैर जीवन बेकार

परिश्रम के बगैर मनुष्य का जीवन व्यर्थ है। परिश्रम किए बगैर मनुष्य को भोजन भी नहीं करना चाहिए, अन्यथा वह बीमार पड़ जाएगा। एक कहानी केअनुसार एक राजा वैभवपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा था, लेकिन इसके बावजूद उसे लगता था कि वह बीमार है। ऐसे में जो भी चिकित्सक उससे यह कहता कि वह स्वस्थ है तो वह उसी को फांसी पर चढ़ाने का आदेश दे देता। अंत में एक चिकित्सक ने राजा से कहा कि आप तो गंभीर रूप से बीमार हैं। यह सुनकर वह खुशी से उछल पड़ा और बोला, यह बताओ कि मुझे क्या बीमारी है। चिकित्सक ने कहा कि राजा जी, आपको एक रहस्यमयी बीमारी है और इसका इलाज यही है कि आप एक दिन के लिए किसी सुखी और प्रसन्न व्यक्ति की कमीज पहनें। बहरहाल काफी खोजबीन के बाद भी राजा के सैनिकों को कोई प्रसन्न व्यक्ति नहीं मिला। राजा को जब यह बात मालूम हुई कि उसके राज्य में लगभग सभी दुखी हैं तो वह काफी विचलित हुआ। खैर एक दिन सैनिकों ने देखा कि एक व्यक्ति अपनी ही धुन में खोया हुआ गाना गाते हुए अपने खेत में काम कर रहा है। सैनिकों ने उससे पूछा कि क्या वह अपने जीवन से प्रसन्न है? उस व्यक्ति ने जब इसका उत्तर हां कहकर दिया तब सैनिकों को बहुत खुशी हुई और वे बोले कि क्या वह एक दिन के लिए अपनी कमीज राजा जी को दे सकता है। इस पर वह व्यक्ति बोला, मैं राजा जी को अपनी कमीज दे देता, लेकिन मेरे पास तो कोई दूसरी कमीज ही नहीं है। अगले दिन जब राजा उससे मिलने के लिए अपने महल से बाहर निकला तो चिड़ियों की चहचहाहट, स्वच्छ वातावरण व नए-नए चेहरों को देखकर उसे बहुत अच्छा लगा और वह अपने आपको स्वस्थ महसूस करने लगा। सार यही है कि प्रकृति द्वारा दिए गए संसाधनों का उपयोग वही व्यक्ति कर सकता है जो परिश्रम में विश्वास रखता है। गीता में भी श्रीकृष्ण परिश्रम का महत्व बताते हुए अर्जुन से कहते हैं कि परिश्रम ही मनुष्य की वास्तविक पूजा-अर्चना है। इसके बिना मनुष्य का सुखी-समृद्ध होना कठिन है। जो परिश्रम नहीं करता, वह हमेशा दुखी व बीमार और दूसरों पर निर्भर रहता है।

## संपादकीय

# 2024 चुनाव का हो चुका है शंखनाद!

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर पहली आधिकारिक विपक्षी एकता वाली बैठक संपन्न हो गई है। इस बैठक में सभी बड़ी पार्टियों ने हिस्सा लिया, कई नेता आए और अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कभी तल्खी तो कभी सहमति बननी दिखी। लेकिन बाद में जब मीडिया के सामने आया गया, तो सियासी तस्वीर ये पेश की गई कि सभी एकजुट हैं, अच्छी चर्चा हुई है और 12 जुलाई को फिर सभी मिलने वाले हैं। अब इस बैठक के कई सियासी मायने हैं, समीकरणों के लिहाज से भी ये अहम हो जाती है। ऐसे में आपको बताते हैं कि इस बैठक की 8 बड़ी बातें क्या रहीं- **1.** विपक्ष की पटना में पहली आधिकारिक बैठक की गई। इस



बैठक की मेजबानी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की। उनकी तरफ से ही पहले तमाम राज्यों में जा विपक्षी नेताओं से मुलाकात की गई, उसके बाद आज यानी कि 23 जून को पटना में ये बड़ी बैठक हुई। **2.** विपक्षी एकता की इस बैठक का एजेंडा पहले से सेट था- बीजेपी के खिलाफ 2024 लोकसभा चुनाव में कैसे एकजुट हुआ जाए। उसी कड़ी में जब बैठक में चर्चा शुरू की गई, तो सभी दलों ने इस बात पर सहमति जताई कि आपसी मतभेद भुलाकर साथ आया जाएगा। एक साझा कार्यक्रम बनाने की बात पर भी जोर दिया गया। **3.** बैठक के दौरान वैसे तो चर्चा लोकसभा चुनाव को लेकर रही, लेकिन कई नेताओं ने अपने राज्यों के मुद्दे भी उठाए। इसी कड़ी में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली अध्यादेश के खिलाफ सभी का समर्थन मांगा। इसी कड़ी में पूर्व सीएम उमर अब्दुल्ला और मेहबूबा मुफ्ती ने कश्मीर से हटाए गए 370 का मुद्दा उठाया। **4.** मीटिंग में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी अपने विचार रखे। बताया जा रहा है कि राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी विपक्षी नेता अलग-अलग बयान ना दें। यानी कि जो बयान बैठक में दिए जा रहे हैं, वैसे ही बयान मीडिया के सामने भी जाने चाहिए। **5.** ममता बनर्जी ने बैठक में बड़ी बात बोली। उनकी तरफ से कहा गया कि बंगाल कांग्रेस जिस तरह से टीएमसी के खिलाफ धरना कर रही है, वो गलत है। सभी को बड़ा दिल दिखाना चाहिए। ममता ने इस बात पर भी जोद दिया कि आपस में लड़ने से बीजेपी को फायदा पहुंचता है। **6.** बैठक खत्म होने के बाद सीएम नीतीश कुमार ने बताया कि सभी दलों ने अपने विचार रखे, इस पर सहमति जताई कि साथ मिलकर चुनाव लड़ना है। ऐलान किया गया कि 12 जुलाई को एक बार फिर सभी साथ आने वाले हैं, एक और बड़ी बैठक होने जा रही है। लंबे समय बाद राजग प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने भी मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि मैं अब फिट हूं, मोदी-शाह का बुरा हाल होने वाला है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नई राहें...

अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत रेखांकित की। पाकिस्तान का नाम लिए बगैर उन्होंने याद दिलाया कि विश्व व्यापार संगठन की मीनारों पर हमले के दो दशक से अधिक और मुंबई पर आतंकी हमले के एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बावजूद आतंकवाद को प्रायोजित करने वालों पर नकेल न कसी जाने के कारण आज भी कट्टरपंथ और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए नासूर बना हुआ है। इसके लिए प्रधानमंत्री ने अमेरिका से आह्वान किया कि वह आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई को तेज करे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी अल-कायदा, इस्लामिक स्टेट, लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन समेत संयुक्त राष्ट्र में सूचीबद्ध तमाम आतंकी संगठनों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई की जरूरत पर बल दिया। निस्संदेह चरमपंथ की चोट इस समय दुनिया के ज्यादातर देशों पर पड़ रही है। भारत को लगातार इसका सामना करना पड़ता है। कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के चलते भारत में लगातार अस्थिरता बनी रहती है। अमेरिका ने भी बड़ा जख्म खाया है, जब उसकी विश्व व्यापार संगठन की जुड़वां मीनारों को ध्वस्त कर दिया गया। तब अमेरिका ने दुनिया भर के देशों से आह्वान किया था कि वे मिल कर आतंकवाद से लड़ें। अब फिर से उसने इस जरूरत पर बल दिया है। छिपी बात नहीं है कि दुनिया में सबसे अधिक आतंकी संगठनों को पाकिस्तान ने पनाह दे रखी है। वहां की खुफिया एजंसी आइएसआइ और सरकार खुद कट्टरपंथी और चरमपंथी ताकतों को प्रोत्साहित करने का काम करते हैं। इसके अनेक सबूत मौजूद हैं। भारत पर हुए तमाम बड़े आतंकी हमलों से जुड़े दस्तावेज वैश्विक मंचों पर साझा हैं। मगर जब भी उसके खिलाफ संयुक्त कार्रवाई की बात आती है, तो अलग-अलग देशों के अपने स्वार्थ काम करने लगते हैं। यह भी सब जानते हैं कि पाकिस्तान में चरमपंथी गतिविधियों को प्रश्रय देने का काम खुद अमेरिका ने किया था, इसलिए कि वह उसकी जमीन से चीन और भारत को साधना चाहता था। मगर पाकिस्तान ने उससे किनारा कर लिया और फिर चीन से नजदीकी बढ़ा ली। इस समय चीन उसकी सुरक्षा में लगा साफ नजर आता है। जब भी वहां के किसी आतंकी संगठन या दहशतगर्द पर प्रतिबंध लगाने की बात संयुक्त राष्ट्र में उठती है, चीन अकेले उसके समर्थन में खड़ा हो जाता है। इस तरह वहां कई संगठन महफूज बने हुए हैं। इस समय चूंकि भारत और अमेरिका की नजदीकी बढ़ने से चीन को चुनौती मिलने की बात कही जा रही है, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में चीन का साथ मिलना कठिन ही है। दरअसल, आतंकवाद को महाशक्तियों ने ही अपने स्वार्थ के लिए पोसा, प्रोत्साहित किया है। इस तरह जहां उन्हें अपना स्वार्थ नजर आता है, वहां वे अच्छे और बुरे आतंकवादी का भेद करना शुरू कर देते हैं। इस तरह आतंकवाद के विरुद्ध जो लड़ाई अमेरिका ने करीब बीस साल पहले छेड़ी थी, वह किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंच पाई। यही वजह है कि जब भी भारत कश्मीर में दहशतगर्दी का मुद्दा उठाता है, तो ज्यादातर देश तटस्थ नजर आने लगते हैं। ऐसे में आतंकवाद के खिलाफ समन्वित लड़ाई कमजोर पड़ जाती है। भारत को अकेले ही इससे निपटना पड़ता है। मगर सभी देश मिल कर अगर पाकिस्तान पर नकेल कसें, तो निश्चित रूप से आतंकवाद को समाप्त करने में कामयाबी मिल सकती है।



# आचार्य सौरभ सागर जी महाराज का जयपुर में हुआ भव्य जुलूस के साथ मंगल प्रवेश

## उमड़ा श्रद्धा-भक्ति का सैलाब। सोमवार को बापू नगर और 29 को प्रताप नगर में होगा मंगल प्रवेश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

धर्म नगरी छोटी काशी के नाम से विश्व विख्यात राजधानी जयपुर एक बार फिर अपनी श्रद्धा-भक्ति के जनसैलाब को लेकर सड़कों पर उतरी, इस बार अवसर था दिगम्बर जैन आचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के शिष्य आचार्य सौरभ सागर महाराज की अगवानी का जो अपने 29 वर्ष की कठोर तपस्या के मार्ग पर चलते हुए पहली बार जयपुर नगरी में प्रवेश किया, इस बार का चातुर्मास प्रताप नगर सेक्टर 8 दिगम्बर जैन मंदिर में करेंगे, जिसको लेकर आचार्य श्री 29 जून को मंगल प्रवेश करेंगे, 2 जुलाई को कलश स्थापना, 3 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव और 4 जुलाई को वीरशासन जयंती के कार्यक्रम सम्पन्न होगे। प्रचार संयोजक अभिषेक जैन बिट्टू ने जानकारी देते हुए बताया कि आचार्य सौरभ सागर महाराज ने रविवार को प्रातः 6.15 बजे सूरजपोल गेट स्थित मोहनबाड़ी दिगम्बर जैन मंदिर से विहार यात्रा प्रारम्भ करते हुए हवामहल, बड़ी चौपड़ पर मंगल प्रवेश किया। इस दौरान जयपुर की विभिन्न कॉलोनियों सहित पुष्प वषायोग समिति के पदाधिकारियों और कांग्रेस नेता, पूर्व राष्ट्रीय सचिव संजय बापना, गौरवाध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद, सुनील साखूनियाँ, प्रताप नगर सेक्टर 8 के पदाधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर आचार्य श्री की अगवानी की और यहां से भव्य शोभायात्रा के रूप में चलते हुए ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ जोहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट, अजमेरी गेट, टोंक रोड़, एसएमएस हॉस्पिटल, नारायण सिंह सर्किल होते हुए भट्टारक जी की नसियां में प्रवेश किया। जहां पर जयपुर जैन महिला मंडल द्वारा 29 कलशों को सर पर रखकर अगवानी की। इसके उपरांत 29 थालों पर पाद प्रक्षालन करवा आचार्य श्री को जिनालय में प्रवेश करवाया।



## शोभायात्रा ने बढ़ाया जयपुर का सम्मान

धर्म की संस्कृति और संस्कार जयपुर के कण-कण में सम्मिलित है, इन्ही संस्कृति और संस्कारों ने एक बार फिर जयपुर का सम्मान बढ़ाते हुए आचार्य सौरभ सागर महाराज की अगवानी की, शोभायात्रा का विशेष आकर्षण यात्रा में महिलाएं थी जो सर पर पिंक साफे लगाकर केसरिया साड़ी में थी और पुरुष सफेद परिधान व लाल साफे लगा सम्मिलित हुए इसके अतिरिक्त यात्रा में सबसे आगे ऊंट गाड़ी में नगाड़ों से संदेश दिया जा रहा था वही 3 बैंड-बाजों के ग्रुप सहित लवाजमें ने शोभायात्रा का मान बढ़ाया, सभी महिलाएं और पुरुष अपने हाथों में जैन धर्म की ध्वजा लेकर चल रहे थे जिससे धर्म के प्रति आस्था को पहचान मिल रही थी। भट्टारक जी की नसियां में धर्म सभा को संबोधित करते हुए आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा की ₹ किसी भी धर्म की पहचान संतो से नही श्रावकों से होती है, श्रावक होंगे तभी धर्म पूजा जाएगा। संत शिक्षक है अगर सारे शिक्षक हो जायेगे तो शिक्षा लेने वाले श्रावक कहा मिलेंगे। सबकी अपनी-अपनी जिम्मेदारी है जिसका निर्वहन होना चाहिए। धर्म संत और श्रावक दोनों से मिलकर बना है। चतुर्मास के मंगक कलश स्थापना साधु श्रावक से बंध जाता है, गुरुपूर्णिमा पर श्रावक साधु से बंध जाता है और वीर शासन जयंती पर साधु और श्रावक भगवान से बंध जाते है। आज जयपुर में मंगल प्रवेश हुआ है 29 को प्रताप नगर में गृह प्रवेश होगा जहां पर चातुर्मास होगा।

## गणमान्य लोग हुए शामिल

आचार्य श्री की जयपुर में अगवानी करने को लेकर दिल्ली, यूपी, एमपी, हरियाणा सहित जयपुर की विभिन्न कॉलोनियों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आचार्य श्री के गृहस्थ अवस्था के पिताजी श्रीपाल जैन सहित पूरा पूर्व परिवार के साथ-साथ पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव संजय बापना, हैरिटेज पार्षद पारस जैन, ग्रेटर से मनोनीत पार्षद चेतन जैन निमोडिया, महावीर जी कमेटी अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री महेंद्र पाटनी, महेश काला, अशोक जैन नेता, राकेश छाबड़ा, राजस्थान जैन सभा अध्यक्ष सुभाष पांड्या, पूर्व न्यायाधीश एन के सेठी, कमलबाबू जैन, समाजसेवी धर्मचन्द पहाड़िया, मनोज सोगानी, विनय सोगानी, रमेशचंद जैन तिजारिया, भाजपा नेता रामपाल जैन, अशोक जैन खेड़ली, जितेंद्र गंगवाल, प्रताप नगर सेक्टर 8 कमेटी पदाधिकारी, जोहरी बाजार महिला मंडल मंत्री पुष्पा सौगानी, वीर सेवक मंडल, राजस्थान जैन युवा महासभा, मुनि संघ व्यवस्था समिति सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मिलित हुए, कार्यक्रम के दौरान बापू नगर, बापू गांव, जय जवान कॉलोनी, एसएफएस कॉलोनी, श्योपुर रोड़ आदि कॉलोनियों की मंदिर समितियों ने आचार्य श्री को श्रीफल भेंट कर मंदिर में आने का आग्रह किया।

# आर्यिका श्री विन्ध्यश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में धुलियान में नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक लड्डू चढ़ाया

संजय कुमार जैन बड़जात्या.
शाबाश इंडिया

धुलियान/पश्चिम बंगाल। धुलियान में आषाढ़ शुक्ल सप्तमी के दिन 22 वे तीर्थकंर नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक लडडू आर्यिका विन्ध्यश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में हर्षोल्लास के साथ चढ़ाया गया। लगा कि मानो हम सब गिरनार पर्वत के पांचवे टोंक के ऊर्जयन्त कुट में मोक्ष कल्याणक लडडू चढ़ा रहे हो। धुलियान मंदिरजी में नेमीनाथ भगवान का अर्ध प्रतिदिन चंढ़ाया जाता है। ॐ ह्रीं श्री नेमीनाथ जिनेन्द्राय गिरनार पर्वत के पांचवे टोंक के ऊर्जयन्त कुट से मोक्ष गये जिनकी प्रतिमा वेदी में साक्षात विराजमान है उनके चरणों में अनर्घ्य-पद प्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा ताकि भविष्य में युवा पीढ़ी को नेमीनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक निर्दिष्ट स्थान स्मरण रहे। ज्ञात हो कि आर्यिका विन्ध्यश्री माताजी ससंघ का चातुर्मास-2023 हेतू धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल में प्रवास चल रहा है, जिसका चातुर्मास कलश स्थापना 4 जुलाई 2023 में होना है।




# राजगढ़ धाम पर गुरूपूर्णिमा को लेकर मंदिर कमेठी की बैठक हुई सम्पन्न

## छोटे बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद। अजमेर जिले के सुप्रसिद्ध सर्वधर्म धार्मिक स्थल श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ पर रविवार को श्रद्धालुओ की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। धाम के उपासक चम्पालाल महाराज ने सर्वप्रथम मंदिर परिसर में बाबा भैरव व माँ कालिका के साथ चक्की वाले बाबा तथा सर्वधर्म मनोकामनापूर्ण स्तम्भ की पूजा अर्चना की। पोलियो मुक्त भारत बनाने के लिये रविवार को राजगढ़ धाम पर चम्पालाल महाराज के कर कमलो द्वारा छोटे बच्चो को पोलियो की दवा की खुराक पिलाई गई। धाम पर हजारों की भीड़ के चलते नसीराबाद थाना प्रभारी महावीर मीणा मय जाप्ता श्रद्धलुओ की भारी भीड़ को संभालने के लिये मौके पर तैनात रहे। धाम के प्रवक्ता अविनाश सेन ने बताया कि आगामी 03 जुलाई को धाम पर गुरूपूर्णिमा महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा। धाम पर आने वाले भक्तो के लिये श्री मसाणिया भैरव धाम राजगढ़ चैरीटेबल ट्रस्ट के द्वारा भी चाय व ठंडे पानी के प्रबंध किये जा रहे है। सेन ने बताया कि गुरूपूर्णिमा महोत्सव की तैयारियाँ जोरो पर है जिसे लेकर धाम के मुख्य उपासक चम्पालाल महाराज के सानिध्य में मंदिर कमेठी के साथ राजगढ़ मसाणिया भैरव भक्त मण्डल की बैठक सम्पन्न हुई।




# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का जल सेवा अभियान...

## नगर परिषद सभापति पहुंचे रेल यात्रियों की जल सेवा करने, प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ी सेवा है

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**




गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा रेल यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए संचालित निशुल्क सेवा में सहयोग करने के लिए नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल अपने साथियों के साथ जल सेवा में रेलवे स्टेशन पहुंचे और अपने हाथों से रेल यात्रियों को शीतल जल पिलाया। जल सेवा के दौरान नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल ने दर्जनों जल सेवकों के साथ कोटा मथुरा पैसेंजर नंदा देवी एक्सप्रेस कोटा पटना एक्सप्रेस एवं देहरादून एक्सप्रेस यात्री गाड़ियों पर रेल यात्रियों को खिड़कियों के द्वारा जल पिलाया एवं उनकी बोतलों में रास्ते के लिए शीतल जल भरा। उल्लेखनीय है कि 18 अप्रैल से यह जनसेवा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के तत्वधान में रेलवे स्टेशन पर चल रही है इस जल सेवा में शहर के कई सामाजिक संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आकर समय-समय पर सहयोग भी किया। यह समाजसेवी आकर जल्द सेवकों का मनोबल भी बढ़ाते हैं और जल सेवा में सहयोग भी करते हैं। आज अतिथि के पधारे नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल ने उपस्थित जल सेवकों एवं आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि वह इस जलसेवा सी है गत 12 वर्षों से ही जुड़े हुए हैं और जनसेवा का प्रारंभिक दौर याद है जब सीमित संसाधनों से यह जल सेवा प्रारंभ की गई थी लेकिन आज सब के सहयोग से इस जलसेवा ने वृहद रूप ले लिया है और कई दर्जन कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठन भी आकर इसमें सहयोग करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि आज गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन की यह जल सेवा हमारे शहर का नाम रोशन कर रही है उन्होंने सभी जल सेवकों एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि ऐसी जलसेवा को लगातार जारी रखा जाए इसमें हर तरह से हम सेवा सहयोग करने को तैयार हैं। इस अवसर पर जल सेवा संयोजक एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की गतिविधियां एवं जल सेवा के बारे में बताते हुए कहा कि यह जलसेवा किसी व्यक्ति विशेष की न हो कर सब के तन के ,मन के, और धन के सहयोग से चल रही है।






# पार्श्वनाथ प्रीमियर लीग (PPL) क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पार्श्वनाथ प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, थड़ी मार्केट में भव्यता पूर्वक संपन्न हुआ जहां समाज के बच्चे, महिलाएं, पुरुष सभी वर्गों के सदस्यों ने हिस्सा लिया और करीब 12 टीमें टूर्नामेंट में खेली। नवयुवक मंडल के मंत्री मनीष जैन ने बताया कि टूर्नामेंट में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। दीप प्रज्वलन और अतिथियों के सम्मान के साथ मैच का शुभारंभ किया। फाइनल मैच की ट्रॉफी टीम नेमिनाथ ने जीती मैन ऑफ द सीरीज पंकज लुहाडिया रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में सुमत प्रकाश, साकेत कुमकुम फोटोज, भागचंद, ज्ञान, भंवरी देवी, पवन, अनिल, सिद्ध, अतुल आदि ने उपस्थित रहकर सहयोग दिया ।






हमारी प्रिय

**सरोज बैद**

धर्मपत्नि श्री पदम कुमार जी बैद का स्वर्गवास दिनांक 24/06/2023 को हो गया है। **बिचले दिन की बैठक दिनांक** 26/06/2023 **को** C -29 **लाल कोठी पर होगी। तीये की बैठक** 27/06/2023 **को प्रात** 8.15 **बजे भट्टारक जी की नसियां मुख्य द्वार पर एकत्रित हो कर तोतुका भवन में** 8:30 **बजे होगी।** शोकाकुल- श्रवण कुमार(सेवानिवृत उप सचिव राजस्थान सरकार) पिता, शान्ती देवी, महावीर-मुन्ना, पुष्पा देवी, सत्येंद्र-शीला, प्रदीप-अमिता (चाचा- चाची), शांता पापडीवाल (भुआ), सुनील-सुनीता, धर्मेन्द्र-मीना, राजेश-सुमन, टीकम-सिम्मी, अनुज-सपना, शैलेश-अर्चना, चंद्रेश-नीलिमा, केशव-सपना, प्रवीण-ऋतु, नीरज-शोभना, सोनल-एकता, नवीन, विकास-नीतू, प्रसून-शानू, प्रतीक-सोनिया(भाई-भाभी) कमलेश, उषा-राकेश जी, मंजू, नीलम (आनु)-जितेंद्र जी, नीरा-राकेश जी, पारुल, प्रियंका-शैलेश जी (बहन-बहनोई) सौरभ-गरिमा(भतीजा-बहु) सुरभी-अंकित जी (भतीजी-दमाद)मिताशी, नायशा, नविषा एवं समस्त गोदीका परिवार।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादक: राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर नेमिनाथ भगवान का मनाया मोक्ष कल्याणक



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर ,पारसनाथ जैन मंदिर , चंद्रप्रभु नसिया, चंद्रपुरी तथा त्रिमूर्ति दिगंबर जैन मंदिर सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना, के जिनालयों में आज जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर भगवान नेमीनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि कार्यक्रम में इससे पूर्व अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान भगवान नेमिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव का सामूहिक रूप से भक्ति भाव के साथ निर्वाण का लाडू चढ़ाया गया। कार्यक्रम में फागी जैन समाज के रामस्वरूप जैन मंडावरा, भागचंद कासलीवाल, नवरत्न कठमाणा, गोपाल राज नला, प्रवीण कासलीवाल, सुरेंद्र पंसारी,पवन कागला, माणक कासलीवाल, सुरेंद्र बावड़ी, राकेश कठमाणा, कमलेश जैन मंडावरा, बन्टी पहाड़िया,एडवोकेट विकास नला, मुकेश कलवाडा, विनोद कठमाना, पंकज कठमाणा, तथा मुकेश नला सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।

# सोमवार को होगा महासती उमराव कंवर डॉ प्रितीसुधा आदि ठाणा का अहिंसा भवन मे चातुर्मास प्रवेश शास्त्रीनगर में

## जीवन को बनाना ओर बिगाड़ना इंसान के स्वंय के हांथो मे : डॉक्टर प्रितीसुधा



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया।**

भीलवाड़ा। उमराव कंवर आदि ठाणा 4 के रविवार को बाबेल भवन मे पधारने पर संजुलता बाबेल अहिंसा भवन के अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल अशोक पोखरना,हेमन्त आंचलिया, रिखबचंद पीपाड़ा,संदीप छाजेड़,सुशील चपलोत तथा शांति भवन के अध्यक्ष महेन्द्र छाजेड़ महामंत्री राजेन्द्र सुराणाक्षतथा चंदन बाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल पूर्व सभापति मंजु पोखरना आदि सभी ने साध्वीयो की अगवानी करते हुये बाबेल भवन मे साध्वी मंडल का अभिनन्दन किया। 26 जुन सोमवार को प्रातः 8 बजे भव्य जुलूस के साथ अहिंसा भवन शास्त्री नगर मे करेगी महासती उमराव कंवर,डॉ प्रितिसुधा,साध्वी मधुसुधा, नवदीक्षीता संयम सुधा चातुर्मास प्रवेश ।अहिंसा भवन के मुख्य मार्गदर्शक अशोक पोखरना ने जानकारी देते हुये बताया कि रविवार शास्त्रीनगर मे पदार्पण पूर्व डॉक्टर प्रितीसुधा ने शांति भवन भोपालगंज मे आयोजित विषेश धर्मसभा मे श्रध्दालूओ से कहा कि जीवन को बना.ओर बिगाड़ना इंसान के स्वंय के हाथ मे है वही व्यक्ति जीवन बना सकता है जो स्वंय जानने ओर पहचाने तभी वह अपने अवगुण दूर करके शाश्वत सुख को प्राप्त कर सकता है ।

# बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी बनाएगा मोक्ष रथ

**प्रकाश पाटनी.शाबाश इंडिया**

**भीलवाड़ा।** स्वाध्याय भवन में बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी की मीटिंग आयोजित की गई। अध्यक्षता सुरेंद्र कुमार छाबड़ा ने की। प्रदीप चौधरी ने बाहुबली जैन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सकल दिगंबर जैन समाज को मोक्ष रथ उपलब्ध कराने हेतु आज तक का आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए बताया कि टाटा कंपनियों की चेचिस को खरीद लिया गया है और गंगापुर में अच्छे बॉडी निमार्ता के यहां मोक्ष रथ करीब 15-20 दिनों में बनकर तैयार हो जाएगा। मोक्ष रथ, रथ की डिजाइन पर बन रहा है। जो 10 फीट लंबा, 8 फीट चौड़ा, और 9 फीट ऊंचा सुंदर डिजाइन में संपूर्ण स्टील बॉडी में तैयार हो रहा है। सुरेंद्र कुमार छाबड़ा ने बताया कि सकल दिगंबर जैन समाज का पूरा सहयोग मिला है। आगामी 20 दिनों के भीतर मोक्षरथ का लोकार्पण कर सकल दिगंबर जैन समाज को सुपुर्द कर दिया जाएगा। सोसायटी के सदस्यों ने हर्ष ध्वनि के साथ इस पुनीत कार्य की अनुमोदना की। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी, हीराचंद चांदीवाल, पूनम चंद सेठी, एन. सी.जैन ,राजेंद्र सेठी, विजय कुमार चौधरी, प्रवीण जैन, अशोक छाबड़ा, पदम सरावगी, अशोक जैन, सहित कई सदस्य उपस्थित थे।



# नि:शुल्क मुत्र रोग में 30 रोगी लाभान्वित



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमालादेवी कमलकुमार पाण्ड्या के सौजन्य से नवम नि:शुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विषेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) द्वारा आयोजित किया गया। श्रीमती विमलादेवी स्व. श्री भवंरलालजी झांझरी के सौजन्य से तृतीय नि:शुल्क मुत्र रोग जाँच शिविर, डॉ. नरेश गर्ग वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट-इंडस हॉस्पिटल जयपुर द्वारा कुचामन शहर नि:शुल्क शिविर का आयोजन डॉ. द्वारा किया गया। दोनों शिविर प्रातः 10:00 बजे से 2.30 बजे तक अरिहन्त हेल्थ केयर सेन्टर, राजकीय चिकित्सालय के पास में आयोजित किये गये। संस्था सचिव अजित पहाड़िया के अनुसार मुत्र रोग शिविर में 30 रोगी हुए लाभवान्वित। शिविर संयोजक तेजकुमार बड़जात्या ने बताया कि 39 रोगियों की खुन संबंधी जाँचे नि:शुल्क की गई, 8 सोनोग्राफी रियायत दर पर की गई। संस्था अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल ने बताया कि हड्डी रोग शिविर में 61 रोगियों को नि:शुल्क परामर्ष दिया गया। शिविर में 19 एक्सरे, खुन संबंधी 35जाँचे नि:शुल्क की गई।

# जैन समुदाय ने मनाया भगवान नेमिनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव



**प्रवीण जैन. शाबाश इंडिया**

पटना सिटी ।गुलजारबाग स्थित श्री कमलदह दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र पर रविवार को श्रद्धालुओं ने जैन धर्म के 22 वें तीर्थंकर श्री 1008 भगवान नेमिनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव धूमधाम से मनाया। मीडिया प्रतिनिधि प्रवीण जैन ने बताया कि भगवान नेमिनाथ स्वामी को आषाढ़ शुक्ल सप्तमी को गिरनार जी पर्वत से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। वहीं कमलदह दिगम्बर जैन मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के दौरान जैन श्रद्धालुओं ने मंदिर में पारम्परिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान का जलाभिषेक, शांतिधारा, भगवान नेमिनाथ पूजन के साथ अष्ट द्रव्य अर्घ्य अर्पित किया। भक्तिमय वातावरण के बीच निर्वाण काण्ड पाठ पढ़ते हुए जैन समाज ने निर्वाण लाडू चढ़ाया। सुबह में पूजा-अर्चना के पश्चात शाम में मंगल आरती व भजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में जैन समाज शामिल हुए।

# सिद्धचक्र विधान मण्डल की महिमा

**शाबाश इंडिया।** चम्पापुर के राजा अरिदमन और रानी कुन्दप्रभा के तेजस्वी पुत्र रत्न हुआ। उस बालक का नाम श्रीपाल रखा गया ।कालांतर में श्रीपाल की प्रतिभा को देखकर राज्य संचालन का दायित्व सौंप दिया गया ।राजकार्य में दत्तचित, कामदेव के समान श्रीपाल को एवं अन्य 700 वीरों को अचानक एक साथ महाभयानक कुष्ठ रोग हो गया, जिससे इन लोगों का शरीर गलने लगा एवं खून बहने लगा। इन सभी की दशा देखकर प्रजाजन अत्यन्त क्षुब्ध एवं दु:खी रहते थे। जब रोग की दुर्गन्ध के कारण वातावरण बिगड़ने लगा, तब चाचा वीरदमनके कहने पर श्रीपाल 700 वीरों के साथ नगर से बहुत दूर उद्यान में जाकर निवास करने लगे। उधर उज्जयनी नगरी के राजा पुहुपाल एवं रानी पद्मरानी के गर्भ से सुरसुन्दरी एवं मैनासुन्दरी नाम की दो पुत्रियों ने जन्म लिया ।उनमें से सुरसुन्दरी शैव गुरु से एवं मैनासुन्दरी ने आर्यिका से धार्मिक अध्ययन किया था। पिता के पूछने पर सुरसुन्दरी ने अपनी स्वेच्छानुसार हरिवाहन से विवाह स्वीकार कर लिया,परन्तु मैनासुन्दरी ने कहा है कि कुलीन एवं शीलवती कन्यायें अपने मुख से किसी अभीष्ट वर की याचना कदापि नहीं करती है। मैनासुन्दरी की विद्वतापूर्ण वार्ता को सुनकर राजा पुहुपाल तिलमिला गये और उन्होंने क्रोध में आकर कोढ़ी राजा श्रीपाल से विवाह कर दिया। राजा श्रीपाल के कुष्ठ रोग को दूर करने के लिये मैनासुन्दरी ने गुरु के आशीर्वाद एवं विधि के अनुसार अष्टाहिनका पर्व में सिद्धचक्र महामण्डल विधान का आयोजन किया एवं अभिषेक गंधोदक का सभी रोगियों के ऊपर छिड़काव किया जिसके प्रभाव से श्रीपाल के साथ 700 वीरों का भी कुष्ठरोग ठीक हो गया था । कुछ समय बाद श्री पाल मैनासुन्दरी के साथ चम्पापुरी वापस आ गये। एक दिन श्रीपाल अपने महल के छत पर बैठे हुये थे। आकाश में बिजली चमकी, जिसे देखकर उन्हें वैराग्य हो गया। वे अपने पुत्र धनपाल को राज्य सौंपकर वन की ओर चले गये। उनके साथ ८००० रानियाँ तथा माता कुन्दप्रभा भी वन को प्रस्थान कर गई। श्रीपाल ने मुनीश्वर के पास जाकर जिनदीक्षा धारण कर ली। उनके साथ ७०० वीरों ने भी दीक्षा ले ली, माता कुन्दप्रभा व अन्य रानियों ने भी आर्यिका के व्रत ग्रहण किये। श्रीपाल कठोर तपस्या करते हुए अल्पसमय में ही घातिया कर्मों को नष्टकर केवलज्ञान प्राप्त किया और फिर शेष कर्मों को नष्टकर मोक्षधाम को प्राप्त हुये एवं मैना सुंदरी ने भी अगले भव में शिवधाम को अपनाया।

संकलन: भागचंद जैन मित्रपुरा, अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर

## योग प्रशिक्षिका मोनिका मांडोत के मार्गदर्शन में संगीत के साथ योग और ध्यान कार्यक्रम का आयोजन




**सूरत. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल मुख्य शाखा तथा जैन सोशल ग्रुप समन्वय के संयुक्त तत्वावधान में इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स , महिड़ा भवन ऑडिटोरियम में योग प्रशिक्षिका मोनिका मांडोत के मार्गदर्शन में संगीत के साथ योग और ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अरा. उपाध्यक्ष वीर गणपत भंसाली की उपस्थिति रही। सभी प्रतिभागियों ने खूब लाभ लिया और कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की तथा कार्यक्रम को और विस्तृत रूप में करने की इच्छा व्यक्त की। संस्थापक अध्यक्ष वीर डॉ. रोशन बाफना, वीर अनिल बरडिया, वीर हस्तीमल बाँठिया तथा जैन सोशल ग्रुप समन्वय से रमेश मेहता ने स्मृति चिन्ह के रूप में हस्त निर्मित तश्वीर भेंटकर मोनिका का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सवाई माधोपुर में अष्टांहिका महापर्व एवं विश्व शांति महायज्ञ का वृहत आयोजन



**सवाई माधोपुर. शाबाश इंडिया**

तेरापंथी दिगंबर जैन मंदिर सवाई माधोपुर में दिनांक 26 जून से 04 जुलाई तक तेरा पंथ दिगंबर जैन समाज के सानिध्य में अष्टांहिका महापर्व आयोजित किया गया है ।इस आयोजन के पुण्यार्जक स्व. फूलचंद एवं स्व. शांति देवी बड़जात्या के परिवार जन है।



25 जून को बडजात्या भवन से 21 थालियों में अलग अलग तरह के द्रव्य सजाकर सिंहासन पर जिनवाणी विराजित कर पूरे समाज द्वारा जिनवाणी यात्रा के साथ तेरापंथी जिन मंदिर में धर्म यात्रा का विसर्जन किया गया ।पुण्यार्जक परिवार की ओर से अजित कुमार बडजात्या एवं पारस मल बडजात्या ने सभी को आगामी 8 दिन एवं समापन के दिन तक इस महायज्ञ में पुण्यर्जन करने हेतु आमंत्रित किया एवं समाज का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन के प्रतिष्ठाचार्य नीरज शास्त्री भगवां, मध्य प्रदेश एवं संगीत कार पुष्पेंद्र मधुर पार्टी, महुवा है। 04 जून को हवन के साथ समापन हो जायेगा।

# भगवान नेमीनाथ का निर्वाण महोत्सव मनाया




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** देवाधिदेव 1008 श्री नेमिनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण के सुअवसर पर श्री 1008 नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर नेमिसागर कालोनी में निर्वाण लड्डू हर्षोल्लास के साथ चढ़ाया गया। इस अवसर पर डी सी जैन, हंसराज गंगवाल, वीरेन्द्र गोधा, सुभाष अजमेरा, पूनम ठोलिया, अनिल जैन, प्रदीप निगोतिया व समाज के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अध्यक्ष जे के जैन कालाडेरा ने बताया कि नेमीसागर कालोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में मूलनायक नेमीनाथ भगवान की अत्यंत मनोहारी एवं अतिशय युक्त प्रतिमा विराजित है। प्रीतिदिन यहां पर सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। आज मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इससे पूर्व भगवान की शांतिधारा कर सबकी सुख समृद्धि एवं विश्वशांति की मंगल कामना की गई।

## महासती श्री पुष्पवती जी म . सा .(माताजी म .सा .), महासती डॉ .श्री राजमती जी म . का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आज 26 जून को

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था मानसरोवर में परम पूज्या राजस्थान सिंहनी महाश्रमणी गुरुमाता महासती श्री पुष्पवती जी म. सा.(माताजी म.सा.), परम पूज्या उपप्रवर्तिनी मरुधरा शिरोमणि सद्गुरुवर्या महासती डॉ.श्री राजमती जी म. सा. आदि ठाणा 7 का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश आज 26 जून 2023 को होने जा रहा है। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संस्था मानसरोवर के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन 'राजा' एवं मंत्री प्रकाश चंद लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि चातुर्मासिक मंगल प्रवेश 26 जून 2023 को पोरवाल भवन मानसरोवर से किरणपथ स्थित महावीर भवन मानसरोवर में जयकारो के साथ प्रातः लगभग 10 बजे होगा। इसी के साथ उपस्थित जन सैलाब महावीर भवन के प्रवचन हॉल मे धर्मसभा मे परिवर्तित होगा।






## आदिनाथ मित्र मंडल ने किए श्री दिगंबर जैन मंदिर बेनाड में अभिषेक शांति धारा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आदिनाथ मित्र मंडल सांगानेर ने प्रातः श्री चन्द्रप्रभ दिगंबर अतिशय क्षेत्र बेनाड में अभिषेक शांति धारा की। अध्यक्ष सुनील जैन व मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल ने बताया कि इससे पूर्व प्रातः शास्त्रीनगर जैन मंदिर, अंबाबाड़ी जैन मंदिर में दर्शन कर बेनाड में अभिषेक, शांति धारा की। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन के अनुसार अभिषेक शांति धारा के पश्चात सभी झोटवाड़ के पार्शनाथ जैन मंदिर तथा पटेल नगर चंद्रप्रभु मंदिर के दर्शन कर नेमि सागर कॉलोनी, वैशाली नगर स्थित नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर में नेमीनाथ भगवान के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाया। संरक्षक राकेश गोदिका के अनुसार वैशाली नगर जैन मंदिर के दर्शन के पश्चात आज के कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सुनील जैन, राजेंद्र बाकलीवाल, राकेश गोदिका, मुकेश जैन, साकेत जैन तथा अनिल जैन उपस्थित रहे।

## जगदंबा सरस्वती की 58वी पुण्यतिथि दिवस मनाया गया



**रावतसर. शाबाश इंडिया**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मे रविवार को संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका जगदंबा सरस्वती की 58 वी पुण्य तिथि दिवस मनाया गया।इस अवसर पर ब्रम्हाकुमारी नीलिमा वनीता बहन ने जगदंबा के जीवनी पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया मम्मा सादगी पवित्रता और तपस्या की मूरत थी।उन्होंने अपना जीवन मानवता के कल्याण के लिए परमात्मा के कार्य में समर्पित किया।केवल 17 वर्ष की आयु में उन्होंने यह सेवा शुरू की और मात्र 46 वर्ष की आयु में जीवन का सफर पूरा किया। ब्रह्मा कुमारीज की स्थापना के समय प्रजापिता ब्रह्मा के साथ जगदंबा ने 400 लोगों की मां बनकर सेवा की।

# आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का 34वां आचार्य पदारोहण दिवस मनाया



### बीसा हूमड़ भवन में करेगे चातुर्मास कलश स्थापना

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का 34 वा आचार्य पदारोहण असम के राज्यपाल के मुख्य आतिथ्य में भक्ति भाव पूर्वक मनाया। भव्य शोभायात्रा यात्रा के साथ गुरुदेव पहुंचे नगर निगम प्रागंण वहां गुरुदेव का स्वागत किया पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा विवेक कटारा द्वारा आचार्य श्री की अगुवानी की गई। उसके पश्चात आचार्य को अर्ध समर्पित किए गए।मातृशक्ति द्वारा मंगलाचरण किया गया। उसके पश्चात असम राज्य के महामहिम राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया ने उदयपुर में चतुर्मास करने का अनुरोध किया।संसारी प्राणी अनेक गतियों पर्याय में भ्रमण करता हुआ मनुष्य पर्याय में आया है कुछ के पास वाणी नहीं है कुछ के पास मन नहीं है ,यह कर्मों का प्रतिफल है। वह पुण्य शाली है जिनके पास मन और वाणी है आप भावना से भक्ति प्रदर्शित कर रहे हैं गुरु का सानिध्य जीवन निर्माण का पहला सूत्र है यह मंगल देशना आचार्य शिरोमणि पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा 6 दिवसीय 34 वे आचार्य पदारोहण गुणानुवाद कार्यक्रम नगर निगम प्रांगण उदयपुर के विशाल सभागार में व्यक्त की। प्रचार मंत्री राजेश पंचोलिया इंदौर पारस चितोड़ा ने बताया कि आचार्य श्री ने बताया कि जो जहां निवास करता है उसे उस स्थान से प्रेम हो जाता है ,प्रीति बाहर जाने पर भी दूर नहीं होती इसी प्रकार आप सभी चिरकाल से संसार में परिभ्रमण कर अनेक गतियों में निवास कर रहे हैं जब तक अनुराग राग आसक्ति को छोड़कर पुरुषार्थ कर संयम का मार्ग धारण नहीं करेंगे।तब तक रत्नत्रय धर्म के माध्यम से मोक्ष प्राप्त नहीं होगा। देव शास्त्र गुरु रत्नत्रय धर्म संसार परिभ्रमण से मुक्ति पाने का मार्ग है। आचार्य श्री ने आगे बताया कि संत समागम से जीवन में परिवर्तन होता है संसार असार है सुख क्षणिक है ,दुख अधिक है सत्संग गुरुजनों की संगति से बुद्धि निर्मलता को प्राप्त होती है इसलिए आपको विषय कषायो का निग्रह करना चाहिए। बहु प्रतीक्षित चातुर्मास कलश स्थापना स्थल की घोषणा में बताया कि जिस प्रकार सभी नदियां सागर में मिलती है, उसी प्रकार नगर का मुख्य ऐतिहासिक हृदय स्थल नगर की सभी सेक्टर, कालोनियों,क्षेत्रों का बीसा हूमड भवन सागर है, यहां पर हमारे पूवार्चायों ने भी चातुर्मास किए हैं इसलिए वर्ष 2023 के चातुर्मास की कलश स्थापना बीसा हूमड़ भवन में होगी। भावांजली में शिष्या आ श्री महायशमति माताजी ने कहा कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने शिष्यों और समाज को 5 सूत्र बताते ,आपको किसी से ईर्ष्या जलन नहीं करना चाहिए ,पाप से डरना चाहिए ,अपने संकल्प इच्छाशक्ति का प्रयोग करना चाहिए ,एकता के सूत्र में रहना चाहिए ,हमेशा मूल को पकड़ कर रखना चाहिए इन सूत्रों को आचार्य श्री ने अपने जीवन में चरितार्थ किया और शिष्यों से भी पालन करा रहे हैं। मुनि श्री चिंतन सागर जी, मुनि प्रभव सागर जी, मुनि चिन्मय सागर जी ने आचार्य श्री के प्रति अपनी भावांजलि प्रस्तुत की।

### आपके स्वागत अभिनंदन के लिए कोई शब्द नहीं है : कटारिया

असम के राज्यपाल माननीय गुलाबचंद कटारिया ने अपने स्वागत अभिनंदन वक्तव्य में आचार्य श्री के लिए कहा कि आपके स्वागत अभिनंदन के लिए कोई शब्द नहीं है ,मुझे सौभाग्य मिला है कि मैं इस वर्ष में दो बार आप के दर्शन किए हैं ।संतो के द्वारा धर्म, संस्कार ,और चरित्र के उपदेश दिए जाते हैं हम तो किंचित मात्र प्रयास करते हैं कि धर्म और परिवार के संस्कार अनुरूप चल सके। मेरी अभिलाषा है कि हम गुरुदेव को अधिक से अधिक समय सुने ताकि हम सब की दशा और दिशा में परिवर्तन हो ।मुख्य अतिथि ने समाज की प्रतिभाशाली लड़कियों की उच्च शिक्षा पर जोर देते हुए प्रेरणा दी कि उनकी योग्यता को निखारने के लिए समाज के स्तर पर कोई ठोस प्रयास किया जाना चाहिए। आचार्य शिरोमणि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का प्रातः 7:00 नगर निगम टाउन हॉल के लिए मंगल विहार हुआ स्थान स्थान पर समाज जनों ने आचार्य श्री की आरती उतारकर चरण प्रक्षालन किए। सभागार परिसर में 34 फीट की विशाल रांगोली तथा 73 महिलाओं ने संघ पर पुष्प वृष्टि की। आर्यिका श्री महायश मति जी ने बताया कि प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवती आचार्य श्री शांति सागर जी के आचार्य पद के शताब्दी वर्ष 2024 के उपलक्ष्य में जिनवाणी चैनल पर 52 सप्ताह में शनिवार रविवार को टूडी फिल्म के माध्यम से आचार्य श्री शांति सागर जी का जीवन चरित्र प्रसारित होगा ।आज 2 एपिसोड को लांच किया गया।

संकलनः अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी